# कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी.- 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 300/2025

## प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 22.08.2025

**हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में आज दिनांक- 22.08.2025 को **थाना अतरौलिया पुलिस द्वारा पारिवारिक/मकान बंटवारे को लेकर कुल्हाडी से हमला कर खुद की माँ की हत्या करने वाले अभियुक्त को 24 घण्टे के भीतर घटना में प्रयुक्त 01 अदद कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार किया गया।**

## थाना-अतरौलिया

### पारिवारिक/मकान बंटवारे को लेकर कुल्हाडी से हमला कर खुद की माँ की हत्या करने वाला अभियुक्त 24 घण्टे के भीतर घटना में प्रयुक्त 01 अदद कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार।

**पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरण:-**

दिनांक 21.08.2025 को वादी प्रवीण कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 गोपाल पाण्डेय निवासी अचलीपुर थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ द्वारा थाने पर आकर लिखित तहरीर दिया गया कि वादी का सगा भाई प्रवण कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 गोपाल पाण्डेय द्वारा पारिवारिक/मकान बंटवारे के विवाद को लेकर अपनी मां विजयकान्ति देवी को धारदार कुल्हाडी से गर्दन व सिर पर हमला कर, गंभीर रुप से घायल कर दिया, जिन्हें डाक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0268/25 धारा 103(1) BNS बनाम अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का विवरण:-**

आज दिनांक 22.08.2025 को थानाध्यक्ष अतरौलिया मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त 1. प्रवण कुमार पाण्डेय उर्फ मनीष पुत्र स्व0 गोपाल पाण्डेय निवासी अचलीपुर थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ को **सौ शैय्या अस्पताल तिराहे** के पास से **समय करीब 08.00 बजे सुबह** गिरफ्तार किया गया। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**पंजीकृत अभियोग:-**

01. मु0अ0सं0 0268/25 धारा 103(1) BNS थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-**

1. प्रवण कुमार पाण्डेय उर्फ मनीष पुत्र स्व0 गोपाल पाण्डेय निवासी अचलीपुर थाना अतरौलिया आजमगढ़ उम्र 35 वर्ष।

**आपराधिक इतिहास:-**

**1.** मु0अ0सं0 0095/23 धारा 323/504/506 भादवि व 3(1)द,ध, 3(2)(va) SC/ST Act थाना कप्तानगंज आजमगढ़

**बरामदगी का विवरण:-**

01. घटना में प्रयुक्त 01 अदद कुल्हाड़ी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-**

1. थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्र थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़
2. व0उ0नि0 पवन कुमार सिंह थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़
3. उ0नि0 विनय यादव थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़
4. हे0का0 मनोज कुमार थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़
5. का0 शिवम सिंह थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़
6. का0 शिवानन्द चौधरी थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़
7. का0 शिवकुमार चौधरी थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़


आजमगढ़ पुलिस

